Haryana School Lecturers Association (Regd.)

Reg. No. 914/02820

Head Office: Omaxe Club Heaven, Sector-28, Rohtak

Satpal Sindhu

State President
Lecturer in Commerce
G.S.S.S. Karawara Manakpur, Rewari
Cell: 9050486297
Email: hslastatepresident@gmail.com

Duty Before Self

Dr. Tarsem Kaushik

State General Secretary
District Science Specialist
O/o DEO Kurukshetra
Cell: 9416408428

Ref. No. - HSLA/SPL/322 **Date: 06.03.2026**

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय
हरियाणा सरकार
चंडीगढ़

विषय: गायक Badshah के गाने Tateeree में आपत्तिजनक सामग्री के कारण संबंधित गाने पर तत्काल प्रतिबंध लगाने बारे।

महोदय,

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) आपका ध्यान हाल ही में जारी गायक Badshah के गाने Tateeree की ओर आकर्षित करवाना चाहती है। इस गाने में हरियाणा की संस्कृति, ग्रामीण परिवेश तथा स्कूली छात्राओं को दर्शाते हुए ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया है जो अत्यंत आपत्तिजनक एवं समाज की मर्यादाओं के प्रतिकूल प्रतीत होते हैं।

विशेष रूप से गाने के प्रारंभिक दृश्य में स्कूली छात्राओं को दिखाया गया है और इसके बाद प्रयोग किए गए कुछ शब्दों से छात्राओं के सम्मान एवं गरिमा के प्रति अनुचित संकेत मिलने का आभास होता है। शिक्षक, शिक्षा जगत से जुड़े लोग, अभिभावक तथा सामाजिक संगठन इस प्रकार की सामग्री को लेकर गहरी चिंता और रोष व्यक्त कर रहे हैं।

हरियाणा अपनी समृद्ध संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और नारी सम्मान की परंपरा के लिए जाना जाता है। ऐसे में इस प्रकार के गानों का सार्वजनिक प्रसार न केवल हमारी सांस्कृतिक गरिमा को ठेस पहुँचाता है बल्कि युवाओं एवं विद्यार्थियों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

अतः हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) आपसे आग्रह करती है कि इस गाने की सामग्री की तत्काल जांच करवाकर, इस पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए तथा भविष्य में भी इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएँ।

हमें पूर्ण विश्वास है कि हरियाणा सरकार समाज की संवेदनशील भावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय पर शीघ्र और उचित कार्रवाई करेगी।

सादर

सतपाल सिन्धु
राज्य प्रधान हसला
हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन
मो.: 9050486297, 7988167994

इसकी प्रति निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है:-

1. माननीय शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार
2. हरियाणा राज्य महिला आयोग, पंचकुला